Publication: DainikBhaskar
Date: 09.09.2015
Page:19
Headline: Rahul and UditParmar win the TCS IT Wiz, to represent the city for the final roundin Mumbai

राहुल व उदित परमार विजेता बने

विजेता मुंबई में फाइनल में शहर का प्रतिनिधित्व करेंगे

सिटी भास्कर | नागपुर

विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने टीसीएम आईटी विज के नागपुर संस्करण में हिस्सा लिया। यह टीसीएम द्वारा शुक्रवार को डॉ. वसंतराव देशपांडे हॉल में आयोजित किया गया। टीसीएम आईटी विज में कक्षा 8 से 12 में पढने वाले सभी हाईस्कूल के छात्र हिस्सा ले सकते थे। इसके लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं था।

क्षेत्रीय स्तर के फाइनल में क्विज के 5 राउंड के बाद एसएफएस ज्यूनियर कॉलेज, सेमिनरी हिल्स राहुल और उदित परमार विजेता बने। इस वर्ष क्षेत्रीय विजेता को एक-एक आईपैड एयर दिया गया। उपविजेता सेंटर पॉइंट स्कूल, वर्धमान नगर के अर्चित वेणुगोपालन और संचित खेडकर बने। इन्हें भी एक-एक आईपैड मिनी दिया गया, ट्रॉफी और पदक भी प्रदान किया गया। प्रारंभिक दौर की लिखित परीक्षा के बाद क्षेत्रीय स्तर के फाइनल में जगह बनाने वाले 6 प्रतियोगियों को भी टीसीएम की ओर से ढेर सारे पुरस्कार दिए गए, जिनमें लैपटॉप बैग, हेडफोन से लेकर ब्लूटूथ युक्त सेल्फी, सिपर और यूएसबी पेनड्राइव शामिल है। आलोक कुमार के द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए।